## सार-समाचार

### डेढ़ क्विंटल मावे को किया सीज

**बून्दी।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व चिकित्सा मंत्री राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार दीपावली त्यौहार पर प्रत्येक नागरिक को शुद्ध खाद्य सामठी की उपलब्धता के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाए गए अभियान शुद्ध आहार मिलावट पर वार के तहत बूंदी जिले में लगातार अभियान चला कर निरीक्षण व नमूनीकरण की कार्यवाही की जा रही है । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ओ.पी सामर ने बताया कि जिला प्रबंधन समिति के निर्देशन में संपूर्ण जिले में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न खाद्य पदार्थों के 40 नमूने लिए जा चुके है। जिनमें मिल्क के 6, मावे के 6, मिल्क प्रोडक्ट व स्वीट्स के 3, घी व तेल के 12, पनीर के 2, मसाले के 7, अन्य 4 सहित कुल 40 नमूने शामिल हैं।सीएमएचओ डॉ सामर ने बताया कि रविवार को निरीक्षण दल द्वारा माटुंदा रोड स्थित डेयरी का निरीक्षण कर डीपफ्रीज में रखे हुए डेढ़ क्विंटल मावे को मिलावट का शक होने पर एफएसएसएआई एक्ट के तहत जांच हेतु नमूना लिया गया। मावे का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया गया हैं, जहां से नमूने की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक डेढ़ किवंटल मावे को डीपफ्रीज में ही सीज किया गया।

### 'खुद शिकार करना सीख रही है बेटियां'

**बूंदी।** रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में पहली बाघिन से जीवित बची दोनों मादा शावक अब युवा होकर खुद शिकार करना सीख रही है। वन्यजीवों के जानकारों के अनुसार करीब दो साल तक बाघिन अपने बच्चों को शिकार व सुरक्षा के सभी गुण सीखा देती है तथा डेढ़ दो साल बाद बच्चों को खुद से अलग कर देती है। बाघिन की मौत से पूर्व ही एक शावक अपनी मां से अलग होकर रहने लगी थी जो अब शिकार भी कर लेती है। इसी प्रकार दूसरी मादा शावक भी चीतल आदि का शिकार करने लगी है जो अच्छी बात है। वन विभाग भी इनकी मोनिटरिंग में अब कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है तथा इनके इलाकों में 40 कैमरे लगाकर निगरानी रखे हुए हैं। टाइगर रिजर्व (कोर) के उपवन संरक्षक संजीव शर्मा खुद अपनी टीम के साथ ट्रेकिंग पर नजर बनाए हुए है।

### सम्पन्न हुई नेशनल टेलेन्ट हंट परीक्षा

**छीपाबड़ौद ।** राष्ट्रीय स्तर की आकाश नेशनल टेलेंट हंट परीक्षा स्थानीय सेवा भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय में सम्पन्न हुई।जिसमें छीपाबड़ौद के विभिन्न स्कूलों के 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। आकाश कोचिंग के डायरेक्टर अकलेश जी दीक्षित जी के अनुसार इस परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को आकाश कोचिंग की तरफ से स्कोलरशिप दी जाती है जिससे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु लाभ प्राप्त होता है। यह परीक्षा सम्पूर्ण भारत में आयोजित की जाती हैं। आज सम्पूर्ण भारत में लगभग 20 लाख विद्यार्थियों ने यह परीक्षा दी। परीक्षा केंद्र प्रभारी शहाबुद्दीन जी तथा मधुर जी बताया इस परीक्षा को सम्पन्न कराने में विद्यालय के डायरेक्टर गिरीश अजमेरा, अरविन्द नागर, संजय प्रजापति, विजय चौरसिया, नन्दनी गर्ग, अनीसा परवीन का विशेष सहयोग रहा।

### पुलिस ने कस्बे में निकाली बिंदोरी

**अंता ।** नेशनल हाईवे 27 पर डेरू माताजी के बाहर पिस्टल दिखाकर ओमप्रकाश गोचर बमूलिया कलां निवासी के साथ लड़ाई झगड़ा करने के आरोपी युसूफ पुत्र मोहम्मद जहूर उम्र 48 वर्ष निवासी भूरा कुंआ अंता की अंता पुलिस द्वारा कस्बे में मुख्य मार्ग से होकर भारी पुलिस जाप्ता के साथ रविवार को बिंदोरी निकाली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंता थानाधिकारी दिग्विजय सिंह गुर्जर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा आरोपी को शनिवार को बड़वा रोड से गिरफ्तार किया गया था। उसके कब्जे से एक अवैध पिस्टल लोहा व दो जिन्दा कारतूस सहित एक स्विफ्ट कार को जप्त कर आर्म्स एक्ट मामला दर्ज किया गया था। अंता पुलिस ने गिरफ्तार युसूफ को थाने से सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम से होकर कस्बे के मुख्य मार्ग पर पैदल यात्रा निकाली गई।

### वृद्धाश्रम में दीपावली उपहार किए भेंट

**बूंदी।** आसरा वृद्ध आश्रम को वर्ष पर्यंत अपनी सेवाएं देने के अपने संकल्प के साथ इनर व्हील मेंबर्स वृद्ध आश्रम पहुंचे और दीपावली के मौके पर वृद्धाश्रम के आवासियों को दीपावली उपहार भेंट किए।गौरतलब हैं कि कुछ दिन पूर्व हेल्थ चेकअप के दौरान वृद्ध माताओं के फटे ओढ़नों से द्रवित होकर क्लब अध्यक्ष डॉ पूर्णिमा दीक्षित ने एग्जीक्यूटिव मीटिंग में वृद्धाश्रम के सभी आवासियों को वस्त्र भेंटकर दीपावली मनाने का प्रस्ताव रखा था।इस मौके पर दीपावली उपहार में महिलाओं को ओढ़ने लहंगा चोली तथा पुरुषों को साफी सेट और बिस्किट फल आदि भेंट किये गये। इस पुनीत कार्य के साक्षी बने पूर्व वित्त मंत्री हरिमोहन शर्मा, अध्यक्ष पूर्णिमा दीक्षित, रेखा शर्मा, सरोज वर्मा, आशा अठावाल, आशा माथुर, प्रतिमा पांडे, मनीष गौतम, विशाल, छुट्टन लाल मौजूद रहे।

### जिला सभा अध्यक्ष बने राधेश्याम

**रामगंजमंडी( निसं )।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जिला कोटा के रविवार को वार्षिक चुनाव हुऐ संपन्न।राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जिला कोटा के वार्षिक चुनाव अधिकारी पूरणमल नागर की देखरेख में राजकीय प्राथमिक विद्यालय अजय आहूजा नगर कोटा में संपन्न हुए।रामगंजमंडी उप शाखा अध्यक्ष बनवारी लाल बैरवा और मंत्री रामकुमार शर्मा ने बताया कि जिले के सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुए।जिसमें उप शाखा रामगंजमंडी के चार पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए।जिला कार्यकारिणी में रामगंजमंडी उप शाखा से जिला सभा अध्यक्ष पद पर राधेश्याम अहीर जिला उपाध्यक्ष (पुरुष) पद पर बनवारी यादव जिला वरिष्ठ अध्यापक प्रतिनिधि पद पर मांगीलाल महावर एवं जिला पंचायत समिति शिक्षक प्रतिनिधि पद पर प्रदीप कुमार शर्मा निर्वाचित हुए।उप शाखा रामगंजमंडी के सभी संगठन के पदाधिकारी कोषाध्यक्ष रूपचंद वर्मा उपसभा अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता जिला महा समिति के सदस्य रमेश गोचर उम्मेद कुमार राजेंद्र कुमार बृजमोहन लुहार मुरली मनोहर शर्मा कमलेश कुमार गुप्ता लोकेश कुमार शर्मा दुर्गा लाल अहीर अशोक कुमार गुप्ता हंसराज मीणा भरत राज गोयम रमेश गौड़ नंद किशोर शर्मा अनिल हर्षवर्धन राजनवाल ललित शाक्यवाल एवं संघ के सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया और बधाई दी।

# राष्ट्रीय दशहरा मेला में विकसित भारत मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का शुभारंभ

**कोटा, (निसं)।** 131वां राष्ट्रीय दशहरा मेला-2024 में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय कोटा द्वारा 23 अक्टूबर 2024 तक लगाई जा रही विकसित भारत 2047/मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का रविवार को कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, कोटा जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल एवं मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी तथा केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीना ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर उदघाटन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए जरूरी है कि सरकार की योजनाओं की जानकारी गाँव-गाँव तक पहुंचे और आमजन उनका लाभ ले। उन्होंने कहा की भारत देश हमारे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हर क्षेत्र में उन्नती की ओर अग्रसर हो रहा हैं। उदघाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल ने कहा कि समाज के अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को आमजनता तक पहुँचाने मे यह प्रदर्शनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार न सिर्फ अपने देशवासियों के सर्वांगीण कल्याण के लिए प्रयासरत हैं वरन् सही मायने में वैश्विक एकता व कल्याण की दिशा में भी प्रयासरत हैं। इस अवसर पर मेला समिति के अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने कहा की सरकार की योजनाएँ एवं कार्यक्रम तभी सफल हो सकते है, जब इनमें जनता की सहभागिता हो। उन्होंने उपस्थित युवाओं को प्रदर्शनी के माध्यम से दी जा रही जानकारी से लाभ लेने कि अपील करते हुए कहा की आमजन तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने में अपनी भागीदारी निभाऐ। उन्होने कहा की इस पहली बार मेला अनेक अभिनव प्रयोग किए हैं पहले सरकारी विभागों की प्रदर्शनी नही लगती थी इस बार अनेक विभागों ने अपनी-अपनी प्रदर्शनी लगाई है। उन्होने युवाओ से कहा की इस प्रदर्शनी में उपलब्ध जानकारियों को न सिर्फ देखे, बल्कि इनसे सीखे भी। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियो का स्वागत करते हुए केन्द्रीय संचार ब्यूरो, कोटा के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने केन्द सरकार सरकार की विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं पर केंद्रित इस प्रदर्शनी में विभिन्न अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। प्रदर्शनी में दर्शकों को मनोरंजक और आकर्षक ढंग से विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर और भविष्य के प्रौद्योगिकी सम्पन्न भारत के दर्शन कराये जा रहे हैं। उन्होंने बताया की मल्टीमीडिया प्रदर्शनी में महिला सशक्तिकरण, आयुष्मान भारत, भारतीय जनऔषधि परियोजना, स्वच्छ भारत मिशन, फिट इंडिया, किसान और कृषि से सम्बन्धित योजनाएं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं पोषण, गतिशक्ति योजना, जल जीवन मिशन, मिशन लाईफ, प्रधानमंत्री की राजस्थान को सौगात एवं अनेक गरीब कल्याण योजनाओ सहित अनेक केंद्र सरकार की योजनाओं को दर्शाया गया हैं। प्रदर्शनी के उदघाटन के अवसर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया। यह प्रदर्शनी 20 से 23 अक्टुबर 2024 तक सुबह से देर रात तक आम नागरिकों के लिए नि:शुल्क खुली रहेगी।



कोटा में विकसित भारत मल्टीमीडिया प्रदर्शनी लगाई गई है

■ प्रदर्शनी का विधायक, जिला प्रमुख, मेला समिति अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

## छात्रा का हाथ तोड़ने का आरोप

**कोटा, (निसं)।** रामगंजमंडी में समस्या समाधान शिविर में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के सामने एक बच्ची ने अपने टीचर पर उसका हाथ तोड़ने का आरोप लगाया है। परिजनों ने भी शिक्षक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि शिक्षक ने छात्रा को स्कूल में दरी पट्टी बिछाने के लिए कहा था। इसमें देरी होने पर शिक्षक नाराज हो गया और उसने डंडे से पिटाई कर दी। जिसके चलते उसका हाथ टूट गया है। इस मामले में शिक्षा एवं पंचायतराज मंत्री मदन दिलावर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। साथ ही शिक्षक के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करने की हिदायत पुलिस को दी है। जिसके बाद मुकदमा भी दर्ज हो गया है। मोड़क थाना अधिकारी योगेश कुमार ने बताया कि जुल्मी में हुई मंत्री मदन दिलावर की जनसुनवाई में एक परिवादी पहुंचा था। इस मामले में शिक्षक अब्दुल अजीज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है।मामले के अनुसार जुल्मी इलाके के तेलियाखेड़ी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 5 में पढ़ने वाली 10 वर्षीय बच्ची के साथ यह घटनाक्रम हुआ है। बच्ची के पिता राधेश्याम ने आरोप लगाया है कि शिक्षक अब्दुल अजीज ने स्कूल में दरी पट्टी ठीक करने के लिए कहा था। जैसे ही टीचर ने दरी पट्टी ठीक करने के लिए कहा वह इसे दुरुस्त कर रही थी लेकिन शिक्षक आग बबूला हो गया और बोला कि तू मेरी बात नहीं मानती और डंडा लेकर उस मासूम पर मारने लग गया। मारते-मारते उसका हाथ तोड़ दिया।

## समान पात्रता परीक्षा-2024 22 से 24 अक्टूबर तक

■ परीक्षा आयोजन की तैयारियों के संबंध में जिला कलक्टर ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं

**बूंदी।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर की ओर से आयोजित समान पात्रता परीक्षा-2024 (सीनियर सैकण्डरी स्तर) 22 से 24 अक्टूबर तक छः चरणों में प्रथम पारी प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तथा द्वितीय पारी अपराह्न 3 से सायं 6 बजे आयोजित होगी। परीक्षा में जिला मुख्यालय पर 17 केंद्रों पर 5932 परीक्षार्थी प्रति पारी भाग लेंगे। परीक्षा के लिए 11 सरकारी एवं 06 निजी परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए है।

परीक्षा समन्वयक अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर ने बताया कि परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए प्रत्येक राजकीय केन्द्र पर एक केंद्र पर्यवेक्षक व निजी परीक्षा केन्द्र पर 2 केन्द्र पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए है। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के दौरान निरीक्षण के लिए 3 फ्लाईंग स्क्वायड दल बनाए गए है तथा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त पुलिस बल की नियुक्ति की गई हैं। प्रत्येक केंद्र पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है।परीक्षा आयोजन की तैयारियों की ली बैठक परीक्षा की तैयारियों के संबंध में केन्द्राधीक्षक, सहायक केन्द्राधीक्षक, उप समन्वयक व पर्यवेक्षकों की आमुखीकरण बैठक लेकर अतिरिक्त जिला कलक्टर ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर के निर्देशानुसार परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थी अपने साथ ई- प्रवेश पत्र, स्वयं का नवीनतम फोटोग्राफ (जो एक माह से अधिक पुराना ना हो) एवं मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लेकर प्रवेश कर सकते है। उन्होंने बताया कि प्रोविजनल ई-प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट पर जारी कर दिए गए है। परीक्षार्थी को उत्तर लिखने के लिए नीली स्याही का पारदर्शी बॉल पेन परीक्षा केन्द्र में लाने की अनुमति है। इस अनुमत सामठी के अलावा किसी अन्य सामठी के साथ परीक्षार्थी केंद्र पर प्रवेश नहीं होगा। परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश परीक्षा प्रारम्भ होने के 01 घण्टे पूर्व तक ही होगा। परीक्षार्थी कर्मचारी चयन बोर्ड के निर्देशानुसार ड्रेस कोड की अनिवार्यतः पालना करेंगे।नियंत्रण कक्ष स्थापितपरीक्षा आयोजन के लिए जिला स्तर पर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के कमरा नंबर 34 में नियंत्रण में कक्ष स्थापित किया गया है।

## नर्सिंग अधीक्षक का किया सम्मान

**कोटा, (निसं)।** मॉर्निंग क्लब शिवाजी पार्क के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित ने बताया कि मॉर्निंग क्लब के संरक्षक, सुधा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नर्सिंग अधीक्षक ओम खजोतिया वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर उन्हें सभी सदस्यों ने माला अर्पण किया और प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। ओम खाजोतिया ने बताया कि छात्र जीवन से में समाज का दायित्व लेकर सेवा कार्य कर रहा हूं और आज वाल्मीकि समाज का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर वाल्मीकि समाज सहित संपूर्ण हिंदू समाज का सेवा कार्य करता रहूंगा। इस अवसर पर पूनम मेवाड़ा, महावीर वर्मा, महावीर जैन, डीके मीणा, राजेश वर्मा, धर्मेंद्र अग्रवाल, डॉक्टर योगेंद्र कहार, मोइन खान, इकबाल, विष्णु पंकज, ओपी मेहरा, सुरेश वर्मा जेपी प्रजापति, पप्पू मीणा, इकबाल, विजेंद्र वैष्णव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे

## पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**कोटा, (निसं)।** टीम जीवनदाता की प्रेरणा से पुण्यतिथि जन्मदिन व अन्य अवसरों पर रक्तदान करने का सिलसिला निरंतर जारी है। ऐसे में टीम जीवनदाता की प्रेरणा व सहयोग से स्व.हेमलता प्रजापति की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उनके पुत्र एवं रक्तदान शिविर संयोजक धीरज कुमार ने बताया कि इस अवसर पर 20 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया।

इस दौरान परिवार के लोगों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के ब्लड डोनेशन चेयरमैन भुवनेश गुप्ता ने बताया कि स्व.हेमलता प्रजापति की बड़ी पुत्री भाग्यश्री, छोटी पुत्री लीनाश्री एवं लीनाश्री के पति अभिषेक पंचाल ने भी रक्तदान कर सेवा कार्य किया। धीरज कुमार ने बताया कि अब निरंतर रक्तदान के क्षेत्र में लोगों को जोड़ते हुए सेवा कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी मां हेमलता प्रजापति नर्स थी और उनके मन में सेवा का भाव बेहद अधिक था। वह गायत्री परिवार से जुड़कर धार्मिक कार्य भी करती थी।

उन्हीं के पदचिन्हों पर चलकर अब निरंतर सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर सौरभ लोढ़ा, सुमित कुमार, पुष्पेंद्र अशोक लोढ़ा, विद्यानंद, नंदलाल ने प्रमुख रूप से रक्तदान किया और रक्तदान शिविर में सहयोग किया। रक्तदान शिविर में लायंस क्लब कोटा टेक्नो का भी सहयोग रहा।

■ सेवा संकल्प के रूप में मनाई पुण्यतिथि, टीम जीवन दाता का रहा सहयोग

## पुनर्विकास कार्य ले रहा तेजी से आकार

**कोटा, (निसं)।** देश भर के रेलवे स्टेशनों को पुनर्विकसित करके भव्य और विश्व स्तरीय बनाया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे राजस्थान प्रदेश के कोटा रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित करने का कार्य डीआरएम मनीष तिवारी के नेतृत्व में विश्वस्तरीय तर्ज पर किया जा रहा है। कोटा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य 207.63 करोड़ की लागत से तीव्र गति से किया जा रहा है जोकि 29 अप्रैल, 2025 तक पूरा होने का लक्ष्य है।

कोटा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य 12 नवम्बर, 2022 में शुरू हुआ था। इस कार्य के निर्माण अवधि की समय सीमा 900 दिन की है। स्टेशन के 6765 वर्गमीटर में 02 आगमन ब्लॉक एवं 01 प्रस्थान ब्लॉक का निर्माण, स्टेशन पर वीआईपी लाउन्ज, वेटिंग रूम, फ़ुड प्लाजा और क्योस्क जैसी सुविधाएं, प्लेटफार्म नंबर 1 और 3 को जोड़ने की 2100 वर्गमीटर में कॉनकोर्स एरिया का निर्माण, यात्रियों की सुविधा के लिए 08 लिफ्ट एवं 14 एस्कलेटर का प्रावधान, स्टेशन दिव्यांग फ्रेंड्ली, पार्किंग की सुविधा, यात्री सुरक्षा एवं संरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरे, पर्यावरण सरंक्षण के लिए स्टेशन को ग्रीन बिल्डिंग के रूप में विकसित, सौर ऊर्जा एवं जल सरंक्षण की व्यवस्था। पुनर्विकसित कोटा स्टेशन विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगा और साथ क्षेत्र का आर्थिक विकास भी करेगा।

## मानसिक रोगों के प्रति जागरुकता अभियान जारी

■ बच्चों में अधिक चंचलता और सक्रियता भी दिमागी बीमारी हो सकती है रू डॉ. नीना विजयवर्गीय

**कोटा, (निसं)।** अफिनिटी हॉस्पिटल की तरफ से आमजन को मानसिक रोगों के प्रति जागरूक करने का प्रयास निरंतर जारी है, जिसमें प्रत्येक हफ्ते अलग-अलग विषयों पर कार्यशालाएं आयोजित कर लोगों को जागरुक किया जा रहा है और भ्रांतियों को दूर किया जा रहा है। अक्टूबर माह को बच्चों में होने वाली एडीएचडी नामक एक दिमागी बीमारी के जागरुकता माह के रूप में मनाया जाता है। रविवार को अफीनिटी हॉस्पिटल, तलवंडी द्वारा इसी उपलक्ष्य में एडीएचडी पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। एडीएचडी बचपन में होने वाला एक आम मानसिक विकार है जो एक विकासात्मक विकार है जिसमें ध्यान न देने या अतिसक्रियता और आवेगशीलता के लक्षण दिखाई देते हैं। ये लक्षण बचपन में ही शुरू हो जाते हैं और दैनिक जीवन को प्रभावित कर सकते हैं। विश्व में 100 में से 8 बच्चों और किशोरों में एडीएचडी होता है और भारत में 100 में से 2 से 17 बच्चों/किशोरों में एडीएचडी होता है। एडीएचडी सबसे अधिक 9 और 10 वर्ष की आयु के बच्चों में होता है। इस कार्यशाला में डॉ.नीना विजयवर्गीय, मनोचिकित्सक एवं काउंसलर, एमबीबीएस, डीपीएम (साइकेट्री), एमआईपीएस द्वारा एडीएचडी के लक्षण, संभावित कारण, इससे जुड़ी भ्रांतियां व तथ्य, निवारण, उपचार के उपाय आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया जानकारी दी। एडीएचडी से प्रभावित बच्चे पढ़ाई में बाकी बच्चों की तुलना में पीछे रह जाते हैं, उनमें व्यवहारिक परेशानियां आने लगती हैं और आत्म-सम्मान में कमी आने लगती है। ऐसे बच्चे दिखने में बहुत चंचल और शैतान होते हैं, चीजों पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते, हमेशा सक्रिय रहते हैं, अपनी बारी का इंतजार नहीं कर पाते, बहुत ज्यादा बोलने लगते हैं, एक जगह शांत होकर नहीं बैठ पाते, जिसे सामान्य बचपना समझा जाता है और समय पर न पहचान पाने की वजह से बीमारी बढ़ती जाती है।

## 211 छात्रों के आंखों की जांच की

**मकराना** (निस) उपखंड के ग्राम भरनाई और देवरी में सरकारी स्कूल के छात्रों की जांच के लिए शिविर लगाया। जिसमें 211 छात्रों के आंखों की जांच की गई। जिसमें से एक का ऑपरेशन के लिए चयन हुआ। लायंस क्लब मार्बल सिटी मकराना और शंकरा आई हॉस्पिटल के रैंबो प्रोगाम के तहत इन दिनों पूरे मकराना तहसील के समस्त सरकारी स्कूलों के छात्रों की आंखों की जांच की।

## डॉ.अशोक मूंदड़ा अध्यक्ष, डॉ. विनोद गर्ग सचिव नियुक्त

**कोटा, (निसं)।** राजस्थान एकेडेमी आफ फोरेन्सिक मेडिसिन के तत्वावधान में फोरेन्सिक मेडिसिन विभाग चिकित्सा महाविद्यालय कोटा द्वारा द्वितीय राज्य स्तरीय कान्फ्रेन्स राजफेमटीकॉन-24 का आयोजन कोटा में किया गया जिसमें सर्वसम्मति से राजस्थान में कई पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से चुना गया। सभी की सहमति से डॉ.अशोक मूंदड़ा, वरिष्ठ आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग, मेडिकल कॉलेज, कोटा को अध्यक्ष एवं डॉ.विनोद गर्ग को सचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया। इस दौरान डॉ.मूंदडा ने कहा कि जिस तरह से कोटा में सेमिनार आयोजित कर नई तकनीक को सांझा किया गया साथ ही एक बडी उपलब्धि हांसिल की, ऐसा प्रयास राजस्थान में अन्य जगह भी किए जाने का प्रयास रहेगा साथ ही विभाग से

# चम्बल को शोषण, प्रदूषण, अतिक्रमण से बचाने का संकल्प

**कोटा, (निसं)।** चंबल को शोषण, अतिक्रमण एवं प्रदूषण से बचाने के आव्हान को लेकर पैदल परिक्रमा पर निकले उत्तर प्रदेश इटावा के निवासी पर्यावरणविद् रोबिन सिंह एवं उनके साथी संतगणों की यात्रा रविवार को नदी के रंगपुर घाट पर पहुंचे। जहां उन्होंने स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकगणों की मौजूदगी में नदी पूजन किया। उन्होंने नयागांव, मानसगांव, भदाना, आदि स्थानों पर नागरिकों से चंबल को बचाने के प्रयासों के तहत चर्चा की। चंबल संसद के समन्वयक बृजेश विजयवर्गीय एवं पर्यावरण प्रेमियों ने स्वागत किया।

■ पदयात्री रोबिन सिंह, तेजोमाया वन स्वामी ने रंगपुर घाट नदी का पूजन किया

अध्यक्ष कुंज बिहारी नंदवाना, संरक्षक जीडी पटेल ने बताया कि रोबिन सिंह ने पर्यावरण गतिविधियों के तहत चम्बल की सहायक प्रदूषित चंद्रलोई नदी की दूर्दशा पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि चंद्रलोही नदी के प्रदूषण के कारण कोटा के निकट चंबल को बड़ा खतरा है। इससे यहां की सभ्यता पर विपरीत असर होगा। रामकृष्ण शिक्षण संस्थान भदाना के सचिव युधिष्ठिर चानसी ने बताया कि मानस गांव, नोटाणा, किशनपुरा तकिया, देवली मछियान, रंगपुर, गांवड़ी, गंगायचा, भदाना, आदि क्षेत्रों में पर्यावरणप्रेमी नागरिक एवं जनप्रतिनिधि पद यात्रियों का स्वागत किया। रंगपुर घाट पर पूर्व पार्षद युधिष्ठिर चानसी, पूर्व उप सरपंच अजय शर्मा, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त डॉ.आरसी साहनी, वरिष्ठ नेता डॉ.एन शर्मा, कौशिक गायत्री परिवार के यज्ञदत्त हाड़ा, वरिष्ठ साहित्यकार पुरुषोत्तम पंचोली, उद्घोषक नीलिमा, समाजसेवी हेमलता गांधी, पीडी मीणा, राजेंद्र शर्मा, अमर लाल केवट, चौथमल हाड़ा, गिरिराज शर्मा, बनवारी लाल मालव, कल्याण प्रसाद, लटूर लाल सैनी, मोहित चानसी, कृश मीणा कल्याण प्रसाद आदि ने परिक्रमा यात्री गणों का स्वागत किया। आज सूरज भवन में नागरिकों से संवाद-चम्बल संसद के समन्वयक बृजेश विजयवर्गीय ने बताया कि 21 अक्टूबर सोमवार को अपरान्ह 3.00 बजे वल्लभबाड़ी स्थित सूरज भवन 121-ए पर शहर के गणमान्य लोगों एवं पर्यावरण प्रेमियों को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय जल बिरादरी, बाघ -चीता मित्र, कोटा एनवायरमेंटल सैनिटेशन सोसायटी, अमृता देवी पर्यावरण नागरिक संस्थान ने चम्बल के संरक्षण के लिए जन आंदोलन पर जोर दिया।



कोटा पहुंचे रोबिन सिंह ने चंबल का पूजन किया है।

## 'सनातन धर्म की सच्ची मूर्ति थे महन्त मनोहरदास'

■ महन्त बाबा मनोहरदास के 90वें प्राकट्यय महोत्सव पर हुये धार्मिक कार्यक्रम

**अजमेर ।** महन्त बाबा मनोहरदास जी ने अपने जीवनकाल में भक्तों में परमात्मा को पाने का सरल रास्ता मानवता की सेवा व सनातन धर्म की पालना की ओर प्रेरित करते थे उन्होनें सदैव जरूरतमन्द परिवारों व प्राणियों के सहयोग की ओर अठासर किया ऐसे आर्शीवचन अजय नगर स्थित ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम में आयोजित महन्त मनोहरदास के 90वें प्राकट्यय महोत्सव के समापन अवसर पर भीलवाडा से पधारे महामण्डलेश्वर हंसराम उदासीन ने प्रकट किये। उन्होने कहा कि स्वामी मनोहरदास सरल स्वभाव के संत थे जिन्होने सभी जोडा। समारोह में आये सन्त महात्माओं के आर्शीवचन हुये जिनमें आश्रम के महन्त स्वरूपदास, भीलवाडा के महन्त गणेशदास, किशनगढ के महन्त श्यामदास, राजकोट के स्वामी अमरलाल, अजमेर के स्वामी ईसरदास, स्वामी अर्जुनराम, स्वामी आत्मदास, संत गौतम, प्रेम प्रकाश आश्रम के दादा नारायणदास, भाई भीषम ने कहा कि स्वाामी मनोहरदास ने सदेव सादगी के साथ सनातन धर्म की सेवा की एवं देशभर मं श्रृद्धालुओं को सेवा कार्य के लिये प्ररित किया। खैरथल से आये दीप लखवाणी, अजमेर के अशोक सोनी, ढोलण शर्मा ने दो दिनों में अलग अलग कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

नगर निगम, कोटा दक्षिण-उत्तर
131 वां राष्ट्रीय दशहरा मेला, कोटा
श्री राम कथा
(कथावाचक पूज्य पं. विजय शंकर मेहता जी)
दोपहर 2:30 बजे से 5:00 बजे तक | श्री राम रंगमंच
लाइट एंड साउण्ड शो
रात्रि 7 बजे। विजयश्री रंगमंच
लाफ्टर शो
(श्री सुदेश लहरी एवं श्री उदय दहिया)
रात्रि 8:30 बजे | विजय श्री रंगमंच
दिनांक : 21 अक्टूबर 2024, सोमवार
गरिमामय उपस्थिति
श्री बाबूलाल वर्मा
पूर्व मंत्री, राजस्थान सरकार
आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं
प्रायोजक: कोटा विकास प्राधिकरण
विनीत : विवेक राजवंशी, अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य, मेला समिति
नगर निगम दक्षिण-उत्तर परिवार